हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

13 अफगानिस्तान से मंगवाए ड्राई फ्रूट्स से होगा श्याम बाबा का श्रृंगार



14 वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




## खबर संक्षेप

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फतेहाबाद।** शहर के मीट मार्केट स्थित कन्नू चिकन कॉर्नर पर काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान हीरालाल निवासी किशनगंज, बिहार के रूप में हुई है। मृतक पिछले करीब 20 से 25 वर्षों से उक्त दुकान पर काम कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार हीरालाल बीती रात खाना खाकर दुकान के चौबारे के ऊपर सो गया था। सुबह जब उसे उठाने का प्रयास किया गया तो वह मृत अवस्था में मिला।

### फ्रॉड मामले में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** यूपीआई धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने संदीप शर्मा पुत्र धर्मपाल निवासी टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार संदीप ने बताया कि उसके बैंक खातों से 16 से 23 दिसंबर 2025 के बीच बिना जानकारी के कुल 1 लाख 46 हजार 24 रुपये निकाल लिए गए।

### 2 मार्च को फतेहाबाद में होगी किसान महापंचायत

**रतिया।** एसकेएम गैर-राजनीतिक के संयोजक बुजुर्ग नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही किसान जागृति यात्रा 2 मार्च को फतेहाबाद पहुंचेगी। इस अवसर पर फतेहाबाद में किसान महापंचायत का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा के फतेहाबाद पहुंचने पर बीकेयू खेती बचाओ हरियाणा द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

### जिला लोक संपर्क व परिवेदना समिति की बैठक आज

**फतेहाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 27 फरवरी को बाद दोपहर 2.30 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती करेंगे। बैठक में कुल 14 परिवाद रखे जाएंगे। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 4 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 10 परिवाद नये रखे गए हैं।

### शराब सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद की टीम ने अवैध शराब रखने के आरोप में एक युवक को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव नहला बस अड्डा क्षेत्र में गश्त एवं अपराध जांच में लगी हुई थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक नहला-पाबड़ा रोड स्थित शराब ठेके के पीछे अंग्रेजी शराब की पेटियां बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत रेड कर मौके पर मौजूद युवक को काबू कर लिया।

### श्रीमद्भागवत सप्ताह का आयोजन कल से

**सिरसा।** श्याम गौरक्षा सेवादल के मुख्य सेवक कमल सोनी ने बताया में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन आगामी 28 मार्च से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा व्यास कपिलदेव श्री धाम वृंदावन वाले द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का मधुर गायन किया जाएगा। समारोह में उड़ीसा के पूर्व महामहिम राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल मौजूद रहेंगे तथा हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष सिंगला भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

## चार साल पहले नगरपरिषद में हुई थी शामिल

# शहर की 5 बाहरी कॉलोनियों में 24 करोड़ की लागत से डलेगी सीवरेज पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर की बाहरी कॉलोनियों में सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का वीरवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने नारियल फोड़कर इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरुआत की। इस परियोजना को क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह योजना हंस कॉलोनी, स्वामी नगर, आजाद नगर, कीर्ति कॉलोनी और हरनाम सिंह कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों परिवारों को स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और आधुनिक शहरी व्यवस्था से जोड़ेगी। लंबे समय से सीवरेज व्यवस्था की मांग कर रहे नागरिकों को इस परियोजना से बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार राज्य के ढांचागत सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में नगर पार्षद पंछी राम, रवि मेहता, जानी राम तथा नीलांशी शर्मा, एक्सईएन बलविंदर नैन, मुकेश जागलान, वाइस चेयरमैन नगर परिषद सविता टूटेजा, शहरी मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, शहरी मंडल उपाध्यक्ष विक्की मराठी, शहरी मंडल महामंत्री सुरेन्द्र बिश्नोई, तुषार सोनी, दीपक मिश्रा, दीक्षित असीजा, राज कुमार सुरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**पूर्व विधायक दुड़ाराम ने नारियल फोड़कर विकास कार्य की शुरुआत की**



फतेहाबाद। शहर की बाहरी कॉलोनियों में सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक दुड़ाराम। *फोटो: हरिभूमि*

### दो महीन पहले सौंपा था मांग पत्र

जिलाध्यक्ष ने सीएम को प्रपोजल भेजकर सीवरेज लाइन की मांग की बता दें हंस कॉलोनी में सीवरेज लाईन व गंदे पानी की निकासी की समस्या को लेकर करीब दो महीने पहले कॉलोनीवासियों को भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को एक मांग पत्र सौंपा था। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने सीएमओ ऑफिस में प्रपोजल भेजकर कॉलोनियों में सीवरेज लाईन डालने की अपील की थी। इसके बाद इस क्षेत्र में सीवरेज प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई थी।

### लंबे समय से समस्या से जूझ रहे हैं लोग

चार साल पहले नगरपरिषद की सीमा बढ़ाई जानी थी। तब शासन-प्रशासन ने शहर की बाहरी कालोनियों हंस कालोनी, फ्रेंडस कालोनी, स्वामी नगर आदि को नगरपरिषद में शामिल किया था। तब लोगों को उम्मीद जगी थी कि नगरपरिषद में शामिल होने के बाद उन्हें हर सुख-सुविधा मिलेगी, जिनमें सीवरेज, पेयजल व अन्य विकास कार्य शामिल हैं लेकिन 4 सालों से यह मामला अटका हुआ था।

### 3500 घरों को दिया जाएगा सीवरेज कनेक्शन

बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने फतेहाबाद शहर की विभिन्न आऊटर कॉलोनियां जो सालों से सीवरेज लाईन से वंचित थीं, इन्हें अब सीवरेज नेटवर्क से जोडने का काम शुरू हो गया है। आने वाले समय पर हंस कॉलोनी, स्वामी नगर, कीर्ति नगर, पुरानी तहसील, डेरा मोहल्ला जैसे ऐरिया को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ा दिया जाएगा। इन कॉलोनियों के लगभग 3500 घरों तक सीवरेज का कनेक्शन दिया जाएगा। इन कॉलोनियों में सीवरेज नेटवर्क के लिए 200 एमएम डाई, 250 एमएम डाई, 300 एमएम डाई व 350 एमएम डाई के लिए करीब 24.41 करोड़ रूपये का बजट पास किया गया है। इसके अलावा शहर की पुरानी सीवरेज लाईन को भी दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त मेन होल भी बनवाए जाना निर्धारित किया गया है। छोटी लाईनों को बड़ा किया जाएगा। बाहरी कॉलोनी में सीवरेज व पानी निकासी की समस्या लगभग 30 साल पुरानी है। सीवरेज लाइन डालने का काम शुरू करवाने पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा की भाजपा सरकार का आभार प्रकट किया है।

# चोपटा रोड पर गिगोरानी नहर पुल की जर्जर हालत से बढ़ी चिंता

- सड़क में हो चुका है गहरा गड्ढा, आना-जाना बना जोखिमपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

क्षेत्र में चोपटा रोड पर स्थित गिगोरानी नहर पुल की जर्जर हालत को लेकर गंभीर चिंता का माहौल है। पुल के ऊपर बनी सड़क में गहरा गड्ढा हो चुका है, जिससे आवागमन जोखिमपूर्ण बन गया है। पुल के नीचे का ढांचा भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है। सीमेंट और मसाला टूटकर नहर के पानी में बह चुका है तथा पुल का जो हिस्सा पूरी तरह समाप्त हो गया है, उसकी लोहे की सरिया सामने खुली हुई स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

गौरतलब है कि यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़े-बड़े लोडिंग वाहन, हरियाणा रोडवेज की बसें, ट्रक, भारी ट्रक-ट्रॉली और अन्य मालवाहक वाहन गुजरते हैं। लगातार भारी दबाव के कारण पुल की कमजोर संरचना पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है, जिससे खतरे की आशंका और बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी और स्थायी मरम्मत नहीं करवाई गई तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना हो सकती है। मामले को समाजसेवी संजय उर्फ जंगली ने सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया, जिसके बाद गांव भट्टू कलां के प्रमोद बेनीवाल ने पीडब्ल्यूडी फतेहाबाद के एक्सईन राहुल चहल को इसकी जानकारी दी। विभाग की ओर से 4-5 दिन के भीतर आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने का आश्वासन दिया गया है।



पुल पर धंसी सड़क दिखाते लोग।

### जेई को कराया अवगत

इसके अतिरिक्त संजय उर्फ जंगली ने पीडब्ल्यूडी के जेई सचिन कुमार तथा नहर विभाग के जेई विकास कुमार से भी संपर्क कर पुल की स्थिति से अवगत कराया और तत्काल तकनीकी निरीक्षण की मांग की। स्थानीय लोगों की मांग है कि मरम्मत कार्य केवल अस्थायी न होकर तकनीकी मानकों के अनुरूप मजबूत और स्थायी समाधान के रूप में किया जाए। साथ ही, जब तक कार्य पूर्ण न हो, आवश्यक सुरक्षा उपाय और चेतावनी संकेत लगाए जाएं ताकि किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# बच्चे को उठाने की सूचना से ग्रामीणों में रोष, एसपी ने बताया अफवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव कुकडांवाली में बच्चे को उठाने के प्रयास की सूचना के बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया। इस मामले में गांव के सरपंच जोगिन्द्र सिंह जोगी ने वीडियो जारी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सोशल मीडिया पर प्रसारित ग्राम पंचायत कुकड़ावाली में बच्चे को उठाने के प्रयास संबंधी वायरल संदेश का खंडन किया गया। एसपी का कहना है कि यह सूचना पूर्णतः झूठी एवं भ्रामक है। मामले की जानकारी मिलते ही फतेहाबाद पुलिस द्वारा तत्काल प्रभाव से जांच की गई, जिसमें ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। जांच में वायरल संदेश पूरी तरह निराधार पाया गया है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और बिना सत्यापन के ऐसे संदेशों को आगे साझा न करें।



एसपी सिद्धांत जैन व सरपंच जोगेन्द्र सिंह।

### बच्चे को बहलाने का प्रयास

बता दें कि गांव कुकड़ांवाली के सरपंच जोगेन्द्र सिंह जोगी ने बताया कि वीरेंद्र कुमार नामक करीब 12 वर्षीय बच्चे को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बिस्किट देकर बहलाने और साथ ले जाने का प्रयास किया गया। हालांकि बच्चा सतर्कता दिखाते हुए वहां से भाग निकला और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। सरपंच ने गांववासियों से अपील करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को स्वयं स्कूल छोडने और वापस लाने की जिम्मेदारी निभाएं।

# मुख्य सड़क पर इंटरलॉक बिछाने का विरोध

- भारी वाहनों की आवाजाही वाली सड़क पर तारकोल या आरसीसी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

लोक निर्माण विभाग द्वारा शहीद भगत सिंह पार्क के साथ लगती मुख्य सड़क पर इंटरलॉक टाइलें बिछाने के निर्णय को लेकर स्थानीय दुकानदारों और लोगों में रोष है। उनका आरोप है कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही वाली इस सड़क पर इंटरलॉक लगाकर खानापूर्ति की जा रही है, जिससे सड़क ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगी। बस स्टैंड के पास भूना से रतिया और जाखल-टोहाना को जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क पिछले काफी समय से उखड़ी हुई थी। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों ने पोर्टल पर शिकायतें भी दर्ज करवाई थीं। इसके बाद विभाग की ओर से मरम्मत कार्य शुरू किया गया, लेकिन अब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। शहीद भगत सिंह पार्क के आसपास के दुकानदारों का कहना है कि यह सड़क 24 घंटे व्यस्त रहती है और यहां से भारी वजन वाले वाहन गुजरते हैं। उन्होंने मांग की है कि सड़क को तारकोलयुक्त या आरसीसी (सीमेंट कंक्रीट) से बनाया जाए, ताकि लंबे समय तक राहत मिल सके। शिकायतकर्ता एडवोकेट रिछपाल सिंह, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, प्रवीण कुमार और दिनेश कुमार सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता कर केवल नाममात्र पत्थर डालकर इंटरलॉक बिछा रहा है।



भूना। शहीद भगत सिंह पार्क के पास रतिया,जाखल-टोहाना मुख्य सड़क पर इंटरलॉक बिछाने का कार्य प्रगति पर *फोटो: हरिभूमि*

### मानकों के अनुरूप

वहीं इस मामले में लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी बलवीर सिंह मलिक ने बताया कि टेंडर शर्तों के अनुसार करीब 100 मीटर हिस्से में इंटरलॉक लगाना है। उन्होंने कहा कि यहां 80 एमएम मोटाई की इंटरलॉक टाइलें लगाई जा रही हैं, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं और इससे कार्य चल जाएगा।

# पुलिस ने मारपीट के आरोपी को पकड़ा

- पुलिस ने आरोपी पर 5 हजार का रखा था इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मारपीट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नितेश उर्फ नीरू पुत्र बलबीर सिंह निवासी रतिया के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी प्रकरण में तीन आरोपियों को काबू किया जा चुका है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि इस बारे गुरपाल सिंह पुत्र काका सिंह निवासी रामनगर कॉलोनी, रतिया ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में कहा गया था कि 10 नवंबर 2025 की रात जब वह मजदूरी करके घर लौट रहा था इसी दौरान आरोपियों ने उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।



रतिया। पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया इनामी आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

### लंबे समय से था फरार

घायल को उपचार हेतु पहले सीएचसी रतिया तथा बाद में मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना शहर रतिया में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान आरोपी नितेश उर्फ नीरू पुत्र बलबीर सिंह निवासी रतिया लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने सघन प्रयास करते हुए आरोपी को काबू कर लिया।

# पेयजल किल्लत को लेकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पानी की किल्लत को लेकर कंगनपुर रोड स्थित क्षेत्र के अनेक लोगों ने वीरवार को सडक़ जाम कर उन्हें नियमित, पर्याप्त व शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने की मांग की। सडक़ जाम करने वालों में स्थानीय क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले करीब चार माह से उनके यहां पेयजल की किल्लत है और वे बार बार प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं मगर उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। मजबूरन उन्हें सड़क पर जाम लगाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जाम लगाने वाले क्षेत्रवासियों ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन 700 रुपए के हिसाब से पानी का टेंकर मंगाना पड़ता है मगर आखिर कब तक स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में गलियों की स्थिति भी अच्छी नहीं है।




सिरसा। पेयजल किल्लत को लेकर जाम लगाते मोहल्लावासी। *फोटो: हरिभूमि*

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में सुनीं लोगों की समस्याएं

# समाधान शिविर: दिव्यांग बच्चे के बैंक खाता खुलवाने में आ रही दिक्कत को दूर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जन शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाकर आमजन को राहत पहुंचाई। डीसी ने एक अभिभावक की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एलडीएम को निर्देश दिए कि दिव्यांग बच्चे के बैंक खाते के खुलवाने में आ रही तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और बैंक स्तर पर लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभिभावक बिना देरी के योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

### ये शिकायतें भी हुई प्राप्त

वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से फैमिली आईडी में इनकम में त्रुटि तथा सदस्य जोडने से संबंधित, राशन कार्ड, अवैध अतिक्रमण, पुलिस विभाग, बिजली विभाग, सीवरेज से संबंधित समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। वहीं शेष बची शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

क्षेत्र के गांव माखोसरानी के निकट अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई और कार सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। गांव माखोसरानी का अजय कुमार बुधवार रात अपने दोस्त को छोड़ने गांव शाहपुरिया गया था और वापस लौटते समय कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे अजय की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने सूचना चौपटा थाना में दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा भिजवाया। पुलिस ने मृतक के भाई मुकेश कुमार के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, गांव पन्नीवालामोटा के निकट किन्नू से भरा कैंटर फुटपाथ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। कैंटर सवार मेरठ निवासी हमीर व साहिल अबोहर से कैंटर में किन्नू भरकर मेरठ के लिए जा रहे थे।


**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा, जांच शुरू**

प्रतिभाएं / शिखर चंद जैन

# क्रिएटिव-इनोवेटिव ये लिटिल साइंटिस्ट

विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में बड़ी उम्र के वैज्ञानिक ही नहीं, बाल वैज्ञानिक भी अपना उल्लेखनीय योगदान देकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इनके आविष्कार जनहित में बहुत उपयोगी हैं। जानो, ऐसे ही कुछ प्रतिभावान नन्हे वैज्ञानिकों के बारे में।



## स्वयं सोढ़ा : सबसे कम उम्र के कोडिंग एक्सपर्ट्स में शामिल

**स्वयं सोढ़ा,** विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक उभरता हुआ बाल वैज्ञानिक और नवाचारी (इनोवेटर) है। मुंबई के रहने वाले स्वयं को उसके असाधारण तकनीकी ज्ञान के लिए जाना जाता है। स्वयं ने मात्र चार वर्ष की आयु में पायथन प्रोग्रामिंग सीखना शुरू कर दिया था। उसे दुनिया के सबसे कम उम्र के कोडर में से एक माना जाता है। बारह साल की उम्र में ही स्वयं ने सूचना प्रौद्योगिकी में मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त कर ली। स्वयं ने 'स्वयंईजोन' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की है, जो भविष्य के स्मार्ट चश्मे विकसित करने पर केंद्रित है। स्वयं का मानना है, ये चश्मे आने वाले वर्षों में स्मार्टफोन की जगह ले सकते हैं। स्वयं डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों में गहरी रुचि रखता है। स्वयं को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें नेहरू विज्ञान केंद्र जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। स्वयं न केवल कोडिंग का मास्टर है, बल्कि नेहरू साइंस सेंटर जैसे बड़े मंचों पर जाकर वह अन्य बच्चों को भी 'स्टेम' मतलब विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित सीखने के लिए प्रेरित करता है। *

## राउल जॉन अजू : बारह साल की उम्र में बनाया रोबोट

**केरल के** राउल जॉन अजू को 'भारत का एआई किड' कहा जाता है। विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियां असाधारण हैं। राउल ने मात्र छह साल की उम्र में कोडिंग और एआई सीखना शुरू किया और बारह साल की उम्र में अपना पहला रोबोट बनाया। उसने 'मी बॉट' नामक एक ह्यूमनॉइड रोबोट विकसित किया है, जो उसकी अपनी आवाज में बात कर सकता है, उसके कार्यों में मदद करता है। राउल, केरल और दुबई (यूएई) सरकारों के लिए एक आधिकारिक एआई सलाहकार के रूप में काम कर रहा है, जहां वह 'जस्ट ईज प्रोजेक्ट 47X' जैसे नागरिक-केंद्रित एआई सिस्टम विकसित करने में मदद कर रहा है। राउल ने 'एआई रियल्म टेक्नोलॉजीज' नामक स्टार्टअप की स्थापना की है। राउल ने वैश्विक स्तर पर 1.5 लाख से अधिक छात्रों और पेशेवरों को एआई का प्रशिक्षण दिया है, जिनमें आईआईटी मद्रास और गूगल टेक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के लोग शामिल हैं। राउल तीन बार टेड-एक्स स्पीकर रह चुका है, उसने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव जैसे बड़े मंचों पर अपनी बात रखी है। राउल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'बिल्डाथॉन' में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता भी रहा है। *



## आराध्या जैन : बुजुर्गों-दृष्टिबाधितों के लिए बनाई स्मार्ट स्टिक



**आराध्या जैन,** विज्ञान और तकनीक क्षेत्र में एक असाधारण प्रतिभावान बच्ची है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। आराध्या को 2026 के 'टॉप 100 ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी' में चुना गया है। उसे जून 2025 में ब्रिटिश संसद (लंदन) में 'इनोवेशन और टेक्नोलॉजी' श्रेणी में सम्मानित किया गया। आराध्या ने समाज की समस्याओं के समाधान के लिए कई तकनीकी प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। आराध्या ने बुजुर्गों और दृष्टिबाधित लोगों के लिए स्मार्ट स्टिक बनाई है। यह स्टिक उन्हें न केवल वस्तुओं से टकराने से बचाती है, बल्कि एआई का उपयोग करके गिरने से भी रोकती है। यह स्टिक आपातकालीन स्थिति में जीपीएस के माध्यम से लोकेशन भी शेयर करती है। विकासशील देशों में ट्रैफिक की समस्या को कम करने के उद्देश्य से आराध्या ने स्वचालित टोल गेट और सेल्फ-ड्राइविंग कार के मॉडल भी तैयार किए हैं। आराध्या ने गणित, विज्ञान और साइबर टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में कई स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 70 से अधिक देशों के बच्चों के बीच आयोजित 'इकोट ग्लोबल हैकथॉन' की फाइनलिस्ट भी रही है। महान महिला वैज्ञानिक मैडम क्यूरी को अपना आदर्श मानने वाली आराध्या, भविष्य में एक वैज्ञानिक बनकर दुनिया को बेहतर बनाने की चाह रखती है। *

## मनीषका दुबे : बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाया विशेष बैंड




**विज्ञान और** नवाचार के क्षेत्र में भारत की एक प्रसिद्ध बाल आविष्कारक है मनीषका दुबे। देहरादून की रहने वाली मनीषका ने मात्र पांच वर्ष की आयु से तकनीक के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया था। उसने बच्चों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बैंड विकसित किया है, जो बच्चों के खो जाने पर उनके माता-पिता को ढूंढने में मदद करता है। इस प्रोटोटाइप के लिए उसे आईनेक्स इंडिया प्रदर्शनी में स्वर्ण पदक मिला था। मनीषका कलर्स इनफिनिटी टीवी पर प्रसारित होने वाले शो 'द इन्वेंटर चैलेंज' की सबसे कम उम्र की विजेता रही है। वर्ष 2024 में उसने दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए एक स्मार्ट डिवाइस बनाई, जिसके लिए उसे थाईलैंड के राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद से स्वर्ण पदक और विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा उसने साइप्रस और पोलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नवाचार प्रदर्शनियों में यंग ई-इनोवेटर अवॉर्ड और स्वर्ण पदक जीते हैं। मनीषका 'टिंकर टेकी' नामक स्टार्टअप की संस्थापक है, जिसका उद्देश्य लड़कियों को रोबोटिक्स और कोडिंग के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है और वह आईआईटी बॉम्बे के टेकफेस्ट में आयोजित ड्रोन प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी भी रही है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को प्रेरणास्त्रोत मानने वाली मनीषका भविष्य में एक अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक बनना चाहती है। *

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, विंडमिल यानी पवनचक्की एक ऐसा यंत्र है, जो गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा या विद्युत ऊर्जा में बदलता है। विंडमिल कैसे काम करता है, इसका प्रयोग कब से शुरू हुआ? यहां बता रहे हैं विंडमिल से जुड़ी जानकारी।

# हवा से ऊर्जा उत्पन्न करने वाला यंत्र विंडमिल

बच्चो, विंडमिल एक ऐसा यंत्र है, जिसका प्रयोग अनाज पीसने, बिजली उत्पादन, पानी निकालने और सप्लाई करने जैसे कार्यों में किया जाता है। जानो, इस पारंपरिक बहुपयोगी ऊर्जा उत्पादक यंत्र के बारे में।

**कब से शुरू हुआ प्रयोग:** विंडमिल का प्रयोग कोई आधुनिक युग की बात नहीं है। कई सदियों से विंडमिल का प्रयोग किसी न किसी रूप में होता आ रहा है। कहा जाता है, विंडमिल के सिद्धांत के बारे में लोगों को प्राचीन समय से ही जानकारी थी। 12वीं शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी में स्टीम पॉवर के आविष्कार तक इनका बड़ी संख्या में प्रयोग किया जाता था। 17वीं शताब्दी में अकेले नीदरलैंड देश में ही 8,000 से अधिक विंडमिल थीं। उन दिनों सिंचाई के लिए पानी पंप करने हेतु छोटी विंडमिल भी बहुत पॉपुलर थीं।



**पहले इसे क्या कहते थे:** शुरुआत में विंडमिल को 'पोस्ट' या 'जर्मन मिल' कहते थे। उसमें एक स्थिर वर्टिकल पोस्ट होता था, जिसके इर्द-गिर्द पूरी मिल घूमती थी ताकि विंडमिल हवा का सामना कर सके। एक अन्य प्रमुख प्रकार की विंडमिल 'टावर' थी, जिसे 'टरेट' या 'डच मिल' भी कहते थे। इसमें एक स्थिर टावर पर विंडमिल और शाफ्ट को घूमते हुए टरेट पर सेट किया जाता था।

**हवा में कैसे चलती है विंडमिल:** विंडमिल में हवा से चलने वाला एक पहिया होता है, जिसे विंडव्हील कहते हैं। इसमें एक शाफ्ट से अनेक बराबर के संतुलित वेन लगे होते हैं, जैसे तुम छत के पंखे में लगी उसकी पत्तियां देखते हो। इन वेन को सेल्स भी कहते हैं। जब हवा सेल्स से टकराती है तो विंडव्हील घूमने लगता है और शाफ्ट भी घूमती है। यह घूमता हुआ बल शाफ्ट से गियरों में या मशीन के उन पार्ट्स में जाता है, जो कि काम करते हैं। इस प्रकार विंड मिल से ऊर्जा उत्पन्न होती है। *

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## खेलें ऐसी होली

रंग-उमंग
गुलाल प्रेम का,
भर लो अपनी झोली।
खेलो ऐसी होली।
भरो भरोसे के गहरे रंग,
अपने निश्छल मन में।
बेगानों को भी आज डुबा दो,
अपनेपन में।
गली-गली में धूम मचाओ,
साथ लिए हमजोली।
खेलो ऐसी होली।
गाओ हिलमिल गीत सुरीले,
रचे प्रेम के रंग में।
बना रहे विश्वास प्रेम,
मचले उमंग अंग-अंग में।
खुशबू बिखरे आंगन-आंगन,
बोलो ऐसी बोली।
खेलो ऐसी होली।
अपने रूठे हैं तो जाओ,
जाकर उन्हें मना लो।
द्वेष दुराग्रह, संदेहों की
होली चलो जला लो।
शब्द नहीं भाषा केवल
भावों से जाए तोली।
खेलो ऐसी होली।
पकी बालियां गेहूं की,
और बौराई अमराई।
टहनी-टहनी पल्लव पीके,
किंशुक फाग रचाई।
सुबह-शाम चुपके से,
मुस्काईं बिखेरकर रोली।
तुम खेलो ऐसी होली।



## जीके क्विज- 194

1. हिंदी कैलेंडर (विक्रम संवत) का पहला महीना कौन-सा होता है?
2. टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने का रिकॉर्ड किस क्रिकेटर ने बनाया है?
3. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
4. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. 'भारत के मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. भारत का पिट्सबर्ग किस शहर को कहा जाता है?
7. कांसा किन धातुओं से मिलकर बना मिश्रधातु है?
8. अकबर के नवरत्नों में से एक बीरबल का वास्तविक नाम क्या था?
9. नीली क्रांति का संबंध किससे है?
10. कौन-सी गैस सबसे हल्की होती है?



बच्चो, जीके क्विज-194 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-193 का उत्तर :** 1.तारीक रहमान, 2.पश्चिम बंगाल, 3.नोवाक जोकोविच, 4.सरोजिनी नायडू, 5. 1853 ई., 6.फ्रांस, 7.दादाभाई नौरोजी, 8.$H_2SO_4$, 9.लैक्टोबेसिलस, 10.रैमन मैग्सेसे पुरस्कार

**जीके क्विज-193 का सही उत्तर देने वाले:** विकास-जबलपुर, कबीर-हिसार, राहुल-रेवाड़ी, नीटू-कोरिया, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, अनहद-बिलासपुर, किरण-बलौदा बाजार



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# होली का हुड़दंग

स्कूल में होली की छुट्टियां एनाउंस की गईं तो बच्चों ने घर जाते समय रंग खेलने का प्लान बनाया। हालांकि प्रिंसिपल सर ने गलत ढंग से होली ना खेलने की सख्त हिदायत दी थी, लेकिन बच्चों ने नहीं सुनी। स्कूल की छुट्टी होते ही बच्चों ने बाहर सड़क पर ऐसी हुड़दंग मचाई कि दुर्घटना हो गई। फिर तो बच्चों की सिट्टी-पिट्टी गुम




कल से स्कूल में होली की छुट्टियां हो रही थीं। बच्चों का मन रंग खेलने के लिए कई दिनों से मचल रहा था, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी। प्रिंसिपल सर ने स्कूल के अंदर रंग खेलने से सख्ती से मना कर रखा था। बच्चों ने तय कर रखा था, होली की छुट्टियों से पहले, आखिरी दिन स्कूल छुट्टी के बाद वे गेट के बाहर जाकर जी भर के रंग खेलेंगे। आज वही दिन था, इसलिए सभी पूरी तैयारी के साथ स्कूल आए थे। बच्चों ने अपने बस्तों में रंग की पुड़िया छुपा रखी थी। बोतलों में पानी भर रखा था। सभी को प्रतीक्षा थी, कब छुट्टी की घंटी बजे, वे स्कूल से बाहर निकल कर जमकर रंग खेलें।

तभी सूचना आई कि आखिरी पीरियड के बाद सभी बच्चों को स्कूल के सभाकक्ष में एकत्र होना है। सभी छात्रों और टीचर्स के सभाकक्ष में एकत्र होने के बाद प्रिंसिपल सर ने एक संक्षिप्त भाषण दिया। उन्होंने समझाया, 'देखो बच्चो, होली हंसी-खुशी और उमंग-उल्लास का त्योहार है, न कि शरारत, हुड़दंग और लड़ाई-झगड़े का। इसलिए होली के नाम पर तुम लोगों को कोई भी ऐसा काम नहीं करना है, जिससे किसी को भी कष्ट पहुंचे। इन दिनों मार्केट में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग बिक रहे हैं, जिनको लगाने से आंखों, बालों और स्किन को नुकसान पहुंचता है। तुम्हें भूलकर भी ऐसे रंगों को यूज नहीं करना है। मैंने तुम लोगों के लिए प्राकृतिक गुलाल का प्रबंध कर रखा है। तुम सभी एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगा कर गले मिलो, अपने टीचर्स से आशीर्वाद लो और इसके बाद शांतिपूर्वक अपने-अपने घर चले जाओ।'

चपरासी ने एक जगह मेज पर ढेर सारा हर्बल गुलाल लाकर रख दिया। प्रिंसिपल सर के कहने के अनुसार बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाया। टीचर्स को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी अपना-अपना बस्ता और पानी की बोतलें संभाले स्कूल से बाहर आ गए। गेट से बाहर निकलते ही बच्चे प्रिंसिपल सर की दी सारी हिदायतें भूल गए। बच्चों ने अपने बस्ते से रंग निकाला और हुड़दंग शुरू कर दिया। सभी ने पानी की बोतलों में रंग तैयार किया और दौड़ा-दौड़ाकर एक-दूसरे पर फेंकने लगे। तीन-चार लड़के मिलकर किसी एक को पकड़ लेते थे, उसे सिर से पांव तक बुरी तरह रंग कर भूत बना देते थे। फिर एक को रंगने के बाद वे दूसरे लड़के को पकड़ने दौड़ पड़ते। लड़कों की इस धमा-चौकड़ी के कारण सड़क पर जा रहे वाहन चालकों को बहुत कठिनाई हो रही थी। हुड़दंग में मस्त बच्चों को इसकी जरा भी परवाह नहीं थी। इस धमा-चौकड़ी में एक हादसा हो गया। रंग से बचने के लिए अमित भागा जा रहा था। उसको पकड़ने के लिए रोहित, अमोल और संजय उसके पीछे दौड़ रहे थे। अचानक तभी सामने से एक कार आ गई। अमित को बचाने के लिए कार चालक ने एकदम से ब्रेक लगा दी। चीं...चीं...चीं करती कार थोड़ी दूर घिसटकर रुक गई। लेकिन कार के रुकते-रुकते भी अमित को कार के बोनट से टक्कर लग गई। वह सड़क पर गिर गया। अमित को गिरता देख ड्राइवर घबरा गया। उसने कार की हैंडल दाईं तरफ मोड़ी और भागने लगा। इस हड़बड़ी में कार अनियंत्रित हो गई। उधर अमित के पीछे दौड़ते आ रहे रोहित को भी टक्कर लग गई। वह भी चीख कर सड़क किनारे गिर पड़ा। ड्राइवर कार लेकर वहां से भाग गया।

लड़कों ने अमित और रोहित को कार से टक्कर खाकर गिरते देखा, उनकी चीखें सुनीं तो हुड़दंग कर रहे सभी लड़कों के सर चढ़ी होली की मस्ती छू-मंतर हो गई। रंग की बोतलें फेंक कर सारे लड़के अमित और रोहित की तरफ दौड़े। वे दोनों ही जमीन पर पड़े कराह रहे थे। बच्चों ने मिल कर उनको उठाया और रिक्शे में लादकर पास के अस्पताल में ले गए। रोहित के दाहिने पैर में मोच आ गई थी और उसका शरीर जगह-जगह से छिल गया था। अमित का भी शरीर छिल गया था, उसके सिर में घाव हो गया था, जिससे खून बह रहा था। अमित और रोहित की यह दशा देख सभी बच्चों के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगीं।

स्कूल के बाहर सड़क पर हुई दुर्घटना की सूचना प्रिंसिपल सर को मिली तो वह सारे टीचर्स के साथ भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के इमरजेंसी रूम में अमित और रोहित की प्राथमिक चिकित्सा चल रही थी। बाहर बरामदे में रंगे-पुते भूत बने आठ-दस लड़के अपराधी की सी सूरत बनाए खड़े थे।

प्रिंसिपल सर ने अस्पताल के अंदर जाकर अमित और रोहित को देखा और डॉक्टरों से बात की। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की ही स्थिति खतरे से बाहर है। उन्हें कोई गहरी चोट नहीं आई है। प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रिंसिपल सर ने एंबुलेंस से उन दोनों को उनके घर भिजवाया फिर बच्चों को डांटते हुए बोले, 'देख लिया तुम लोगों ने हुड़दंग करने का परिणाम...? दुर्भाग्य से अगर कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती तो...?'

सभी की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई।


'गलती हो गई सर! भविष्य में हम कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे।' सर झुकाए खड़े कई बच्चे एक साथ बोले।

'चलो! देर आए, दुरुस्त आए। देखो, रंग खेलना कोई बुरी बात नहीं है। होली का त्योहार मौज-मस्ती करने के लिए तो होता है, हुड़दंग और शरारत करने के लिए नहीं। चलो, अब सभी लोग चुपचाप अपने-अपने घर जाओ।' प्रिंसिपल सर ने कहा तो सारे बच्चे अपने-अपने घर चल दिए। *

रोचक-ज्ञानवर्धक किताब / समीर गांगुली

# सौरमंडल की रोमांचक यात्रा

बच्चो, जिस किताब को अब तक लाखों बच्चे पढ़ चुके हैं, उसे तुम भी जरूर पढ़ना चाहोगे। यह किताब तुम्हें सौरमंडल के सभी ग्रहों के बारे में जानकारी कुछ ऐसे सरल अंदाज में देगी, जैसे तुम सौरमंडल की सैर कर रहे हो। जाने-पहचाने ग्रहों मंगल, बुध, शुक्र से लेकर अब तक तुम्हारे, हमारे लिए कुछ अनजाने ग्रहों सामिया, सर्कस, सेठना के बारे में भी यह किताब जानकारी देती है। इस किताब का नाम है 'सौरमंडल की सैर', इसके लेखक हैं देवेंद्र मेवाड़ी।




देवेंद्र मेवाड़ी हिंदी के जाने-माने बाल साहित्यकार हैं। वह इस किताब के माध्यम से बड़े ही मजेदार तरीके से सौरमंडल की सैर कराते हैं। वह कहानी के माध्यम से सौरमंडल विज्ञान के बारे में जानकारी देते हैं। इस किताब को तुम कहानी की किताब की तरह पढ़ सकते हो। पढ़ने के बाद आसमान की तरफ सिर उठाकर कहोगे, 'बहुत खूबसूरत हो तुम!'

हाल ही में इस किताब की 15वीं आवृत्ति आई है। बच्चो, सौर मंडल की सैर का रोमांचक आनंद लेने के लिए तुम इस किताब को जरूर पढ़ना चाहोगे। *

**किताब :** सौरमंडल की सैर,
**लेखक :** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य :** 70 रुपए,
**प्रकाशक :** नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूरी तैयारी के साथ होली खेलने जा रहे एक बच्चे के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में सभी पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।



उत्तर: [illegible]

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां होली की उमंग में डूबे बच्चों का एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र के बगल में इसके कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इस चित्र को पूरा करो।




उत्तर : 1-b, 2-a, 3-c

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए हुई कार्यशाला

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सरसाई कमल कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय कार्यकर्ता प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। पार्टी जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और प्रशिक्षण पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद की विचारधारा आज भी भारतीय राजनीति की दिशा तय कर रही है।

### गांव बणी क्षेत्र में हेरोइन सहित युवक काबू

**सिरसा।** पुलिस ने गांव बणी क्षेत्र से कार सवार युवक को 7 ग्राम 51 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम गश्त व चैकिंग के दौरान सुरेवाला कच्चा रास्ते से होते हुए गांव बणी की तरफ जा रही थी। इस दौरान गांव बणी की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। उक्त कार सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक गाड़ी को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए छह बैंच गठित

**सिरसा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायालय परिसर सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद में आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छह बैंच का गठन किया गया है। जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया ने बताया कि न्यायालय परिसर सिरसा में अतिरिक्त प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट सुमित गर्ग, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, सिविल जज एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मुनीष नागर, सिविल जज आदि लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करेंगे।

### डीडीपीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सिरसा।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह ने वीरवार को लघुसचिवालय में आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### चोरी हुई बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव शहीदांवाली से चोरी हुई मोटरसाइकिल को थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मुकेश कुमार पुत्र महिंद्र, निवासी अरनियावाली, जिला सिरसा के रूप में हुई है । थाना प्रभारी निरिक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे पुलिस ने रामनिवास निवासी गांव खैरातीखेड़ा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में रामनिवास बताया था कि वह 23 फरवरी को अपने रिश्तेदार की हीरो होंडा सीडी डिलक्स मोटरसाइकिल लेकर गांव शहीदांवाली आया था।

## फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी आज, श्याम मंदिर में होगा संकीर्तन

# अफगानिस्तान से मंगवाए गए ड्राई फ्रूट्स से होगा श्याम बाबा का श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी पर्व आज धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर फतेहाबाद के श्री श्याम मंदिर के कपाट पूरा दिन खुले रहेंगे। शाम को विशाल संकीर्तन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अपने भजनों से बाबा श्याम को रिझाएंगे। अगले दिन फाल्गुन शुक्ल द्वादशी को बाबा की ज्योत जलाई जाएगी और पूरा दिन श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन कर पाएंगे। 3 मार्च को चन्द्रग्रहण के चलते मंदिर के कपाट सुबह 9 बजे बंद हो जाएंगे जो अगले दिन फाग के दिन सुबह खुलेंगे। श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी का विशेष महत्व है। सनातन परंपरा में प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष में पडऩे वाली एकादशी तिथि को भगवान विष्णु की पूजा एवं व्रत के लिए अत्यधिक शुभ और फलदायी माना गया है। इस पावन तिथि का महत्व तब और बढ़ जाता है, जब यह फाल्गुन मास के शुकल पक्ष में पड़ती है और आमलकी एकादशी या फिर रंगभरी एकादशी आदि के नामों से जानी जाती है। उन्होंने बताया कि आमलकी एकादशी पर आंवला के पेड़ और उसके फल की पूजा का महत्व है। पंचांग के अनुसार आमलकी एकादशी का व्रत 27 फरवरी को रखा जाएगा और इसका पारण अगले दिन यानी 28 फरवरी की सुबह 6:47 से 9:06 बजे के बीच होगा। मान्यता के अनुसार आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है। इस पवित्र पेड़ को भगवान विष्णु ने ब्रह्मा के साथ ही प्रकट किया था। मान्यता है कि फाल्गुन मास की एकादशी वाले दिन जो कोई व्यक्ति भगवान विष्णु के साथ आंवला के पेड़ की पूजा करता है, वह श्री हरि की कृपा से सभी सुखों को भोगता हुआ अंत में मोक्ष को प्राप्त होता है।




फतेहाबाद। एकादशी को लेकर सजा श्री श्याम मंदिर। फोटो : हरिभूमि

### एक क्विंटल खीर का प्रसाद होगा वितरित

श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को मंदिर के कपाट पूरा दिन खुले रहेंगे ताकि श्रद्धालु श्याम बाबा के दर्शन कर सकें। शाम 6 बजे से 10 बजे तक संकीर्तन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अमित मुंजाल, चंचल शाक्य व धीरज असीजा अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। अगले दिन द्वादशी पर प्रातः साढ़े 7 बजे बाबा की ज्योत जलाई जाएगी और एक क्विंटल खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। अफगानिस्तान से मंगवाए गए ड्राई फ्रूटस से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार आमलकी एकादशी व्रत वाले दिन व्यक्ति को भगवान विष्णु के साथ आंवले के पेड़ की विशेष रूप से पूजा करते हुए उसकी कम से कम 7 बार परिक्रमा करनी चाहिए। इसी प्रकार इस दिन व्यक्ति को यथासंभव आंवले का पेड़ लगाना चाहिए या फिर दान करना चाहिए। आमलकी एकादशी व्रत पर शाम के समय आंवले के पेड़ के नीचे शुद्ध घी का दीया जलाना चाहिए।

### व्रत से सैकड़ों यज्ञ के बराबर मिलता है पुण्य

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि आमलकी एकादशी का व्रत विधि-विधान से करने पर साधक को सैकड़ों यज्ञ करने के बराबर पुण्यफल प्राप्त होता है। आमलकी व्रत की पूजा भगवान विष्णु से सुख, सौभाग्य और आरोग्य का वरदान दिलाती है। इस व्रत के पुण्य प्रताप से साधक के जीवन से जुड़े सारे दुख, रोग और शोक दूर हो जाते हैं और लक्ष्मी संग नारायण की कृपा हर समय बनी रहती है।

### तुलसी पूजा का महत्व

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि हिंदू मान्यता के अनुसार जिस प्रकार पीपल और आंवले के पेड़ पर भगवान विष्णु का वास माना गया है, उसी तरह धन की देवी लक्ष्मी का स्वरूप तुलसी जी को माना जाता है। सनातन परंपरा में तुलसी जी को विष्णुप्रिया के नाम से पुकारा जाता है, ऐसे में आमलकी एकादशी वाले दिन आंवले के पेड़ की पूजा करने के साथ तुलसी जी की पूजा भी करनी चाहिए।



सिरसा। जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए सीएम सुशासन सहयोगी पूर्व रोहिल्ला।

## ट्रांसजेंडर समुदाय सरकारी योजनाओं का लाभ ले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी पूर्व रोहिल्ला ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। ट्रांसजेंडर-किन्नर समुदाय बेहतर ढंग से अपनी आजीविका चला सकें, इसके लिए राज्य सरकार कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं में उन्हें लाभान्वित करने का प्रयास कर रही है। वे वीरवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी ट्रांसजेंडर व किन्नर अपना पंजीकरण करवाकर पहचान पत्र अवश्य बनवाएं, ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी और शीघ्र मिल सके। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के कौशल विकास को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से संबंधित योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपनी आजीविका को बेहतर बना सकते हैं। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पहचान पत्र बनवाना आवश्यक है, जो वेबसाइट पर पंजीकरण के उपरांत जारी किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि इन योजनाओं में एक महत्वपूर्ण पहल गरिमा गृह की शुरुआत है। इस योजना के तहत किसी भी गरिमा गृह में ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य ठहर सकते हैं तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग ले सकते हैं। वर्तमान में जिले में रिकवर इंडिया हेल्थ केयर फाउंडेशन द्वारा गरिमा गृह के संचालन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### 100 ट्रांसजेंडर एवं किन्नर समुदाय के सदस्य लाभान्वित हो सकेंगे

*इसके स्थापित होने के बाद जिले में पंजीकृत लगभग 100 ट्रांसजेंडर एवं किन्नर समुदाय के सदस्य लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि गरिमा गृह में लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।*

*वकीलों ने भरपूर समर्थन देने का आश्वासन दिया*

## बार काउंसिल सदस्य चुनाव के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा सदस्य के चुनाव के लिए आज पूर्व वाइस चेयरमैन रणवीर सिंह ढाका रतिया बार के सदस्यों के बीच पहुंचे और उनसे समर्थन मांगा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर उनके साथ एडवोकेट अशोक रंगा, अशोक खत्री, वजीर खोखर, प्रदीप अहलावत, बीजेपी के पूर्व जिला उप प्रधान हरिओम मित्तल, भाली रोहतक, रतिया बीजेपी के मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला व अन्य काफी वकील भी मौजूद थे। रणवीर सिंह ढाका ने रतिया बार एसोसिएशन के सभी वकीलों के चेंबर में जाकर उनसे समर्थन मांगा और सहयोग की अपील की उन्होंने कहा कि वह पहले भी बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा के वाइस चेयरमैन रह चुके हैं। उन्होंने पहले भी वकीलों की समस्याओं के समाधान में की जान लगा दिया था और आगे भी वकीलों की किसी भी प्रकार की समस्या को हल करने में पूरा योगदान देंगे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के वकीलों ने उन्हें भरपूर समर्थन देने का आश्वासन भी दिया।



रतिया। बार में वकीलों से अपील करते हुए रणवीर सिंह ढाका।

### हेरोइन का सप्लायर किया गिरफ्तार

**सिरसा।** हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर आरोपी को हिसार जेल प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गउशाला मोहल्ला सिरसा क्षेत्र से एक आरोपी को गउशाला मोहल्ला सिरसा क्षेत्र से 6 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया की उक्त हेरोइन अजय निवासी गांव भट्टूकंला जिला फतेहाबाद से लेकर आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। शहर थाना पुलिस ने जांच के दौरान सप्लायर आरोपी अजय निवासी गांव भट्टूकंला जिला फतेहाबाद को हिसार जेल से प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार किया है।

## छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों से मोहा मन

### राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आगाज संपन्न हो गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा। विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार सैनी ने बताया कि महाविद्यालय में आयोजित ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास वृद्धि एवं उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि भजन प्रतियोगिता में अरपिंदर ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फॉक सांग प्रतियोगिता में जसप्रीत प्रथम, कल्पना द्वितीय एवं तनिश तृतीय स्थान पर रहीं। हरियाणवी नृत्य में निशा ने प्रथम, आंचल ने द्वितीय तथा संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पंजाबी नृत्य प्रतियोगिता में वर्षा प्रथम, हरप्रीत कौर द्वितीय तथा एकता शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। फिल्मी डांस प्रतियोगिता में परमप्रीत अव्वल रही जबकि नियति ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सिरसा। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्राएं।

## युवाओं और मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए लॉन्च 'एआई कौशल कार्यक्रम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देश के युवाओं, रचनाकारों और मीडिया पेशेवरों को डिजिटल युग के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल कार्यक्रम की शुरुआत की है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि गूगल और यूट्यूब के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर के छात्रों, रचनाकारों, डेवलपर्स और मीडिया पेशेवरों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण तक पहुंच को सुलभ बनाना है। इच्छुक छात्र, संकाय सदस्य, डेवलपर्स और मीडिया पेशेवर पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य उम्मीदवारों को प्रीमियम पाठ्यक्रमों के लिए निशुल्क छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है, जिनके लिए आमतौर पर भारी शुल्क लिया जाता है। इस पहल से छात्रों और युवा पेशेवरों की रोजगार क्षमता और डिजिटल दक्षता में क्रंतिकारी वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण को दो विशेष श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें बुनियादी एआई और प्रॉम्प्टिंग गूगल एआई एसेंशियल्स और प्रॉम्प्टिंग एसेंशियल्स प्रमाणपत्र शामिल हैं। प्रतिभागी जेनरेटिव एआई उपकरणों के माध्यम से कहानी कहने और कंटेंट डेवलपमेंट की बारीकियां सीखेंगे।

### एसडीएम ने परीक्षा केंद्र पर जांचीं व्यवस्थाएं

**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को गांव अहरवां में राजकीय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और स्टाफ को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ नकल रहित परीक्षा संपन्न करवाने की हिदायत दी। उन्होंने पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ परीक्षार्थियों के प्रवेश और केंद्र के आसपास की गतिविधियों का निरिक्षण कर व्यवस्थाओ की जांच की। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने परीक्षा केंद्र पर मौजूद विद्यालय प्रशासन और पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान सतर्कता बरती जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्र के आसपास कड़ी निगरानी रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने निर्देश दिए। परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## दर्शन गर्ग बने रतिया अनाज मंडी व्यापार मंडल के नए अध्यक्ष

**रतिया।** अनाज मंडी रतिया के व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। निवर्तमान अध्यक्ष रूप गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मंडी के व्यापारियों ने सर्वसम्मति से दर्शन गर्ग को व्यापार मंडल का नया अध्यक्ष चुना है। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष पद के लिए पांच व्यापारियों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। हालांकि, गुटबाजी से बचते हुए सभी व्यापारियों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि प्रधान का चयन सर्वसम्मति से ही किया जाएगा। काफी विचार-विमर्श के बाद, दावेदारों के अलावा दर्शन गर्ग के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी ने अपनी सहमति की मुहर लगा दी। इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान मंडी के कई गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से सुरेश झांब, उमाकांत सिंगला, सुभाष, राय सिंह, राधेश्याम, कृष्ण तनेजा, संजय मोदी, राकेश कंबोज, हरबंस खन्ना, राजू लाली, शिव सोनी, खेमा मोंगा, सतीश हांडा, परवीन जिंदल, पारस सिंगला व अन्य व्यापारी शामिल रहे।





सिरसा। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि सम्मानित करते हुए।

### सीएमके में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रोशन, सपना बने बेस्ट एथलीट

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को दो दिवसीय 44वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर श्री गुरु हरि सिंह कॉलेज जीवन नगर के प्राचार्य केएल ग्रोवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य ग्रोवर ने कहा प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए और जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक गुण सिखाती हैं प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ावा देती हैं और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करती हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 800 मीटर रेस,, शॉट पुट, लांग जंप, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, चाटी रेस, मटका रेस, आलू रेस, टग आफ वार, थ्री लैग रेस के फाइनल मुकाबले करवाए गए। मटका दौड़ में विजयलक्ष्मी ने प्रथम, रजनी देवी ने द्वितीय व किरण ने तीसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं की थ्री लैग रेस में अंजनी व जान्या ने प्रथम, भावना व रितू ने द्वितीय और हिमांशी व चारू ने तीसरा स्थान पाया है।

## हर-घर नशा मुक्ति का संदेश देने में पुलिस का करें सहयोगः चौकी प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जनआंदोलन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए युवाओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया है। नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जमाल पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार ने गांव रामपुरा ढिल्लों में पंहुचकर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक युवा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प नहीं लेगा कि वह स्वयं नशा नहीं करेगा और न ही अपने आसपास नशा बिकने देगा, तब तक इस अभियान के पूर्ण परिणाम सामने नहीं आ सकते। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने गांव, गली और मोहल्ले की जिम्मेदारी लेते हुए नशा तस्करों के खिलाफ खुलकर सामने आएं और बिना किसी झिझक के पुलिस को सूचना दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस एक ओर जहां नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है, वहीं दूसरी ओर आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी कर रही है।



सिरसा। युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए पुलिस अधिकारी।

### भागवत कथा में बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन

# ढाणी गोपाल में कृष्ण जन्मोत्सव पर गूंजी आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

गांव ढाणी गोपाल स्थित बाबा हरनाम गिरी डेरा में वीरवार को श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही जन्म प्रसंग का वर्णन हुआ, कथा स्थल पर आतिशबाजी की गई और श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे। पूरे परिसर में जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कथावाचक साध्वी शांतिपुरी महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि सच्चा धनवान वही है, जो तन, मन और धन से सेवा व भक्ति करता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति केवल निष्कपट प्रेम और समर्पण से ही संभव है। पूतना चरित्र का उल्लेख करते हुए साध्वी ने बताया कि राक्षसी पूतना ने बालकृष्ण को विषपान कराने के उद्देश्य से स्तनपान कराने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही उसका वध कर उसका उद्धार कर दिया। इसके पश्चात माता यशोदा ने पंचगव्य से श्रीकृष्ण का स्नान कराया।



भूना। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर प्रसंग का वर्णन करती साध्वी शांतिपुरी महाराज।

### गीता पाठ को जीवन में अपनाने का दिया संदेश

साध्वी ने गोसेवा, गायत्री मंत्र जाप और गीता पाठ को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि गौ सेवा से 33 करोड़ देवी-देवताओं की सेवा का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी ने गाय का रूप धारण कर भगवान से रक्षा की गुहार लगाई थी। तब श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर पृथ्वी का उद्धार किया। मिट्टी खाने के प्रसंग में जब गोपबालकों ने यशोदा माता से शिकायत की, तो माता ने श्रीकृष्ण से मुख खोलने को कहा। जैसे ही उन्होंने मुख खोला, माता ने उसमें संपूर्ण सृष्टि के दर्शन किए और उनकी दिव्यता को नमन किया। श्रीमद् भागवत कथा में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय श्री श्री 1008 श्री महंत संत पुरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सरपंच रेशमा गोदारा, पूर्व सरपंच हनुमान सिंह पूनिया, नंबरदार जगदीश चंद्र फगेडिया, मास्टर सुरेंद्र खीचड़, रामकुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सीडीएलयू की 4 छात्राओं ने की नेट परीक्षा उत्तीर्ण

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के प्राणीशास्त्र विभाग की 4 छात्राओं ने सीएसआईआर-नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राणीशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर जोगिन्दर दुहन ने इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं मुस्कान भुक्कल, ज्योति रानी, पूजा शर्मा और रवीना को बधाई दी और कहा कि इन्होंने विभाग का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विभाग के एक छात्र साहिल कंबोज का चयन हरियाणा के कॉलेज कैडर में सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ था। इससे पहले भी कई छात्र हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग में पीजीटी के रूप में चयनित हुए थे।

### पेयजल पाइप चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जन स्वास्थ्य विभाग की पेयजल पाइप चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने कैथल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आरोपी आशिम पुत्र बारू राम निवासी अर्जुन नगर, कैथल हाल निवासी सफा खेड़ी, उचाना के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी उपमण्डल-2, टोहाना के उपमण्डल अभियन्ता मनदीप कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। अधिकारी ने कहा था कि शहर में चल रहे पेयजल पाइपलाइन कार्य के दौरान टिब्बा बस्ती के पास से 100एमएम व्यास की लोहे की पाइपें चोरी हो गई हैं।

## सफाई कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, समाधान न होने पर होगा बड़ा आंदोलन

# वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विजय ढाका और ग्रामीण कर्मचारी जिला प्रधान सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से की



फतेहाबाद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार की बेरुखी और लंबित मांगों को लेकर ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति के बैनर तले जिलेभर के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया और जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विजय ढाका और ग्रामीण कर्मचारी जिला प्रधान सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से की। प्रदर्शन के दौरान राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तोषामड, पूर्व प्रधान बेगराज और इकाई प्रधान नरेश राणा ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद की रैली में सफाई कर्मचारियों का वेतन 26-27 हजार रुपए करने की घोषणा की थी, जो आज तक धरातल पर नहीं उतरी है। कहा कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए व सभी सफाई व सीवर कर्मचारियों को इसमें कवर किया जाए। महिला कर्मचारियों को ड्यूटी समय में छूट दी जाए। बेगार पर तत्काल रोक लगे। ऑनलाइन हाजिरी एवं अन्य उत्पीडनात्मक प्रक्रियाएं बंद की जाएं। इस मौके पर ओम प्रकाश लॉट, वीरू रत्ती, अनिल चौहान, हरपाल सिंह सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो सफाई कामगार इस आंदोलन को पूरे प्रदेश में और अधिक तीव्र करेंगे।

### वेतन वृद्धि का रहा प्रमुख मुद्दा

नेताओं ने आरोप लगाया कि 99 प्रतिशत सफाई कर्मचारी डीएससी समाज से आते हैं और सरकार खुद को इनका हितैषी बताकर असल में इनकी अनदेखी कर रही है। संघर्ष समिति ने मांग की है कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार 31 दिसंबर 2025 तक के सभी कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए। जींद घोषणा के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 26 हजार और शहरी क्षेत्रों के लिए 27 हजार रुपये मासिक वेतन एरियर सहित लागू हो। साथ ही सालाना 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी सुनिश्चित की जाए। ठेका प्रथा बंद कर 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी का पद सृजित कर पक्की भर्ती की जाए। ड्यूटी के दौरान मौत होने पर 50 लाख रुपये का बीमा, 30 लाख की अतिरिक्त सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

### भारतीय मजदूर संघ ने धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र

*सिरसा। भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला मुख्यालय पर श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघ ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन सिंह ठाकुर ने किया। इस प्रदर्शन में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। जीवन सिंह ठाकुर ने कहा कि यह प्रदर्शन अखिल भारतीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को पूर्ण रूप से लागू करवाने, बजट में श्रमिक वर्ग की अनदेखी पर विरोध दर्ज कराने तथा ईएसआईसी सीलिंग में आवश्यक सुधार न किए जाने, इसके साथ ही हरियाणा प्रदेश में कौशल रोजगार निगम के तहत कई विभागों के कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं, जिनका सेवा काल 5 वर्ष से ज्यादा हो गया है, उन सभी को सर्विस एक्ट 2024 का लाभ दिया जाने, प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी के कर्मचारी, सहकारिता विभाग में कार्यरत कर्मचारी एवं प्रदेश में अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा नियम के अंतगर्त लाए जाने, इसके साथ ही श्रम विभाग ने श्रम पोर्टल को पिछले 8 महीने से बोर्ड में पंजीकृत सभी श्रमिकों को फजी मानकर व वेरिफिकेशन के नाम पर बोर्ड द्वारा पोर्टल को बंद किया हुआ जल्द से जल्द पोर्टल खोलने आदि की मांगों के लिए किया गया। प्रदर्शन के उपरांत राष्ट्रीय स्तरीय मांग पत्र प्रधानमंत्री के नाम व प्रदेश स्तरीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे गए। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिकों की जायज मांगों की अनदेखी अब स्वीकार नहीं की जाएगी, यदि जरूरत पड़ी तो भारतीय मजदूर संघ व्यापक आंदोलन करने के लिए तैयार है।*


सिरसा। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मजदूर संघ। फोटो: हरिभूमि

## राष्ट्रीय मांग दिवस पर कर्मचारियों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, डीसी को सौंपा ज्ञापन



फतेहाबाद। राष्ट्रीय मांग दिवस पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारियों व मजदूरों ने राष्ट्रीय मांग दिवस पर फतेहाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला प्रधान सुरजीत दुसाद के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन का संचालन ब्लाक प्रधान राजपाल मिताथल ने किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव कृष्ण नैन, नगरपालिका कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़ ने कहा कि सरकार जनता और कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। उन्होंने मांग की कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम, ठेका प्रथा और गेस्ट टीचर व्यवस्था को समाप्त कर सभी अनुबंध कर्मियों को पक्का किया जाए। नई पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को तुरंत बहाल किया जाए। बिजली बिल 2025, स्मार्ट मीटर योजना और रोड सेफ्टी बिल को वापस लिया जाए। सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और विभागों की डाउनसाइजिंग पर रोक लगे। आठवें वेतन आयोग का गठन हो और हर पांच साल में वेतन संशोधन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 5 हजार या मूल वेतन का 10 प्रतिशत अंतरिम राहत दी जाए। कच्चे और पक्के सहित सभी कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा अनिवार्य रूप से लागू हो।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर इंद्र घासी, नरेश वर्मा भूना, जिला ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुनील कुमार, सचिव हरपाल भूथन, विजय ढाका, मलकीत सिंह रतिया, सुरेश कुमार फतेहाबाद, प्रेम चन्द कैशियर, अध्यापक संघ के जिला सचिव देसराज माचरा, सतपाल सिंह ढाका भट्टू, मेनपाल भट्टू, गुरदास रतियां, कृष्ण चमार खेड़ा, रामनिवास जेई, सीआईटीयू व रिटायर्ड कर्मचारी संघ से बेगराज, सत्यवान भूना ब्लॉक प्रधान, नरेश कुमार राणा, औम प्रकाश लोट, कुलदीप, सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# वालीबॉल में डीएमएलटी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

लार्ड शिवा ग्रुप आफ इंस्टीटयूट में चल रही चार दिवसीय 42वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक गेम्स करवाए गए। कॉलेज प्रवक्ता विष्णु शर्मा ने बताया कि एथलेटिक खेलों में लड़कियों की लंबीकूद प्रतियोगिता में जीएनएम प्रथम वर्ष की प्रवीण कौर ने पहला, संजना नोखवाल ने दूसरा और जीएनएम द्वितीय वर्ष की सपना देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार लडक्रों की लंबीकूद प्रतियोगिता में बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के गौरव ने पहला, डीएमएलटी छठे सेमेस्टर के मनीष ने दूसरा और बी.फार्म पांचवे सेमेस्टर के अक्षांश ने तीसरा, वालीबॉल का फाइनल मुकाबला डीएमएलटी द्वितीय सेमेस्टर व बी.फार्म तृतीय सेमेस्टर के मध्य हुआ जिसमें डीएमएलटी टीम ने अपनी प्रतिद्वंदी टीम को 15-7, 15-12 से मात दी। लडक्रों की जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में बी.फार्म तृतीय सेमेस्टर के परमिंद्र सिंह ने प्रथम, बी.फार्म के गौरव ने द्वितीय व डीएमएलटी के पंकज सिंह ने तृतीय, शतरंज प्रतियोगिता में जीएनएम की प्रिंयका, डीएमएलटी के प्रशांत वर्मा व बी.फार्म के सेहताज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, लड़कियों की सेक रेस प्रतियोगिता में जीएनएम की प्रवीण कौर ने पहला व बी.फार्म की महकप्रीत कौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य प्रो. जितेन्द्र सिंह, वाईस प्रिंसिपल डॉ. जगतार सिंह चौहान, नर्सिंग प्रिंसिपल मधु बिश्नोई, डॉ. प्रीति आदि रहे।

### भाला फेंक प्रतियोगिता के परिणाम

लड़कों की भाला फेंक प्रतियोगिता में जिसमें बीफार्म तृतीय सेमेस्टर के परमिंदर सिंह नें 41.2 मीटर भाला फेंक कर पहला स्थान हासिल, बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के गौरव ने 31 मीटर भाला फेंकर दूसरा स्थान और डीएमएलटी छठे सेमेस्टर ने पंकज सिंह ने 29.9 मीटर भाला फेंकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके पश्चात लड़कियों की भाला फेंक प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें डीफार्म द्वितीय वर्ष की प्रिंयका ने पहला स्थान, जीएनएम प्रथम वर्ष की प्रवीण कौर ने दूसरा स्थान व इसी कक्षा की संजना नोखवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## लिमिट बढ़ाने के नाम पर 4.31 लाख ठगे

- टोहाना का दुकानदार हुआ साइबर ठगी का शिकार

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना का दुकानदार साइबर ठगी का शिकार हो गया। क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का लालच देकर साइबर ठगों ने दुकानदार से चार लाख 31 हजार रुपये हड़प लिए। इस पर पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर गुरूवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में मनदीप मलिक पुत्र हरीचंद निवासी कृष्णा कालोनी, टोहाना ने कहा है कि उसकी नया बाजार टोहाना में मलिक जनरल स्टोर के नाम से दुकान है और उसके पास एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है। मनदीप ने बताया कि 27 जनवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड ब्रांच से बोल रहा है। उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख 96 हजार रुपये है।

# आईडीबीआई बैंक की सराहनीय पहल, फतेहाबाद के सरकारी स्कूल को भेंट किया हजारों का सामान

- विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 75 हजार मूल्य की शिक्षण व अन्य सामग्री दान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। आईडीबीआई बैंक अधिकारियों का स्वागत करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और परोपकार की भावना को धरातल पर उतारते हुए आईडीबीआई बैंक ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना सहयोग हाथ बढ़ाया है। आईडीबीआई बैंक शाखा फतेहाबाद की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बस्ती भलाडिया, आजाद नगर में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 75 हजार मूल्य की शिक्षण व अन्य सामग्री दान स्वरूप भेंट की गई। बैंक अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सामान सौंपा, इसमें एक आधुनिक वाटर कूलर, एक लोहे की अलमारी, कक्षा कक्षों के लिए 6 नए पंखे तथा 5 आरामदायक कुर्सियां शामिल हैं। इस अवसर पर बैंक के मैनेजर आशीष जैन फतेहाबाद, एजीएम रामदयाल और मैनेजर शिल्पा भाटिया टोहाना विद्यालय पहुंचे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पूर्व बीईओ विजय कुमार, प्राचार्य स. हरविंद्र सिंह, ईएसएचएम वंदना शर्मा और एबीआरसी रामस्वरूप बागड़ी ने अधिकारियों का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया। बैंक मैनेजर आशीष जैन और एजीएम रामदयाल ने कहा कि आधुनिक युग में भी सरकारी स्कूलों को भौतिक संसाधनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक धर्म सिखाता है कि अपनी आय का कुछ हिस्सा दान अवश्य करना चाहिए। दान केवल धन का त्याग नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को सुख-समृद्धि और वैभव की ओर ले जाता है। आज के समय में निस्वार्थ भाव से किया गया कार्य ही वास्तविक सेवा है। अधिकारियों ने बताया कि आईडीबीआई बैंक पिछले कुछ वर्षों से अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा स्कूलों और अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर खर्च कर रहा है।

### पूर्व बीईओ विजय कुमार ने जताया आभार

पूर्व बीईओ विजय कुमार और प्राचार्य हरविंद्र सिंह ने बैंक प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि यह दान विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने समाज के अन्य संपन्न और वैभवशाली लोगों से भी अपील की कि वे सरकारी स्कूलों की मदद के लिए आगे आएं ताकि जरूरतमंद बच्चों को बेहतर भविष्य मिल सके। इस कार्यक्रम के दौरान स्टेट अवार्डी राजकुमार सलेमगढ़, रेखा तायल, कृष्ण कुक्कड़, मोहन लाल सैनी, लक्ष्यविंद्र नीर कलौदा, नरेश जाण्डली, कंचन बाला, सुमन सहित अनेक शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ओमान जाने वाले संसदीय मैत्री समूह में सुभाष बराला शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



विश्व के विभिन्न देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। इस पहल के अंतर्गत राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को ओमान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। यह हरियाणा प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

संसदीय मैत्री समूहों का उद्देश्य भारतीय सांसदों और विदेशी संसद सदस्यों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, ताकि वे लोकतांत्रिक परंपराओं, विधायी प्रक्रियाओं और जनहितकारी नीतियों से जुड़े अपने अनुभव साझा कर सकें। इस मंच के माध्यम से सांसद एक-दूसरे से सीखेंगे, नियमित संपर्क बनाए रखेंगे और आपसी विश्वास को और प्रगाढ़ करेंगे। इससे न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी, बल्कि आपसी समझ, सहयोग और समन्वय भी बेहतर होगा। ओमान दौरे के दौरान व्यापार और निवेश के अवसरों, तकनीकी सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, सामाजिक विकास नीतियों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा समकालीन वैश्विक चुनौतियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। भारत और ओमान के बीच ऐतिहासिक रूप से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं, और यह दौरा उन संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। सांसद सुभाष बराला की इस अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल में भागीदारी को उनके संसदीय अनुभव और संगठनात्मक दक्षता की पहचान के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों और समर्थकों ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनकी सक्रिय भूमिका से भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और विकास दृष्टि को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे दोनों देशों के संबंधों में नई मजबूती आएगी।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स को कार्यशाला में दी जानकारी

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थित एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में वीरवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डिप्टी एलएडीसी के.एस. गिल, असिस्टेंट एलएडीसी दविंदर कौर, अमित तथा हिमांशु ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरसा के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कार्यशाला के दौरान डिजिटल दुनिया के सुरक्षित उपयोग, थिंक बिफोर यू शेयर अभियान, आशा योजना, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, पॉश एक्ट, नशा मुक्ति योजना तथा निशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि आगामी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें न्यायालय में लंबित मामलों का निपटारा सरल प्रक्रिया के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

## न्यूज डायरी



### पुलिस ने पेश की मिसाल, गहने व नकदी लौटाई

**डबवाली।** पुलिस ने ईमानदारी व मानवता की मिसाल पेश करते हुए गश्त के दौरान सडक़ पर मिले लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने व नकदी सुरक्षित रूप से उसके असल मालिक को लौटाकर सराहनीय कार्य किया। चौकी गोलबाजार प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बीती 25 फरवरी की रात एएसआई जगजीत सिंह साथी कर्मचारी एसपीओ रणवीर सिंह के साथ मंडी डबवाली में नियमित गश्त पर थे। गश्त के दौरान जब वे परशुराम चौक मंडी डबवाली पर पहुंचे तो सडक़ पर पॉलीथीन संदिग्ध अवस्था में मिला। जब उन्होंने पॉलीथीन को कब्जे में लेकर जांच की तो उसमें सोने-चांदी के गहने व नकदी बरामद हुई। साथ ही एक आधार कार्ड मिला, जो सुखदेव सिंह निवासी पथराला जिला बठिंडा का था। पुलिस टीम ने आधार कार्ड से मिली जानकारी के आधार पर असल मालिक का पता लगाया। आवश्यक पहचान व दस्तावेज सत्यापन के बाद गहने व नकदी को सुरक्षित रूप से उसके असल मालिक को सुपुर्द कर दिया गया। अपने कीमती सामान सुरक्षित वापस मिलने पर मालिक ने डबवाली पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की ईमानदारी व तत्परता की सराहना की।

### ढाणी गोपाल में श्मशान भूमि का हुआ सौंदर्यीकरण



**भूना।** गांव ढाणी गोपाल की श्मशान भूमि में वीरवार को मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ भगवान शिव शंकर भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित की गई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में भक्ति व श्रद्धा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय श्री श्री 1008 श्री महंत संत पुरी जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने गांव की खुशहाली और शांति के लिए शिव प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डेरा प्रमुख साध्वी शुक्रानी गिरी जी ने की, जबकि संचालन सरपंच रेशमा गोदारा ने किया। महिलाओं ने भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय में बना दिया। सरपंच रेशमा गोदारा ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से श्मशान घाट का व्यापक सौंदर्यीकरण किया गया है। परिसर में छायादार व फूलदार पौधे लगाए गए हैं और आकर्षक पेंटिंग कर स्थल को नया स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुक्ति दरबार में शिव भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापना से ग्रामीणों की धार्मिक आस्थाओं को सम्मान मिला है।

**प्रतियोगिता** विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि टीम इंचार्ज शैंकी गुप्ता के नेतृत्व में हासिल की

# इनोवेशन प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज फतेहाबाद का रहा दबदबा, हासिल किया प्रथम स्थान

- इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों के 51 विद्यार्थियों ने भाग लिया और दमदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। इनोवेशन प्रतियोगिता में विजेता रहे एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों को बधाई देते प्राचार्य। फोटो: हरिभूमि

हिसार के सीआरएम जाट कॉलेज में आयोजित इनोवेशन कॉम्पिटिशन में फतेहाबाद के मनोहर मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी सोच का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि टीम इंचार्ज शैंकी गुप्ता के नेतृत्व में हासिल की। टीम के कॉलेज लौटने पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने टीम इंचार्ज और सभी विजेता विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों के 51 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। सभी टीमों ने सामाजिक और तकनीकी प्रासंगिकता पर आधारित अपने अभिनव प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कड़े मुकाबले के बीच एमएम कॉलेज की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर पहला स्थान सुनिश्चित किया।

### विजेता टीम में ये रहे शामिल

प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम में बीकॉम तृतीय वर्ष से साहिल कुमार व पुनीत शर्मा तथा बीसीए-1 से मन्नत कौर शामिल रहे। टीम की जीत के साथ-साथ व्यक्तिगत उपलब्धि में भी कॉलेज का नाम रोशन हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 51 प्रतिभागियों में से एमएम कॉलेज की छात्रा हरप्रीत कौर, बीएससी मेडिकल तृतीय वर्ष को उनकी असाधारण संचार क्षमता, आत्मविश्वास और स्पष्टता के लिए 'बेस्ट प्रेजेंटर अवार्ड' से नवाजा गया। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में टीम वर्क, आत्मविश्वास और नवाचारी सोच विकसित होती है। प्राचार्य ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दिग्विजय चौटाला 2 मार्च को लेंगे बैठक



**फतेहाबाद।** जेजेपी एवं इनसो के संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन हरियाणा जनचेतना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 13 मार्च को हांसी में होने वाले कार्यक्रम को लेकर जननायक जनता पार्टी ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम को लेकर जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 2 मार्च को फतेहाबाद में कार्यकर्ता की बैठक को संबोधित करेंगे। जेजेपी के युवा जिलाध्यक्ष जतिन खिलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकर्ता बैठक की तैयारियों को लेकर जजपा की महत्वपूर्ण बैठक 27 फरवरी को फतेहाबाद में पार्टी कार्यालय में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता जजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा 2 मार्च के कार्यकर्ता सम्मेलन व 13 मार्च के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करना है।